मनमानी | भुरसी नदी एवं अन्य नदी पर रात के अंधेरे में अवैध कारोबार जारी

पुलिस के संरक्षण में रेत का अवैध कारोबार

नवभारत, गोहनारू । गोहनारू थाना क्षेत्र के भुरसी नदी पैलवाह ओढा नाला सकरिया चोरबरहा नाला महुआटोला और गुल नदी बरहा खाड धनौहा नदी अंतर्गत आने वाले इन दिनों रेत माफियाओं और पुलिस की जुगलबंदी का केंद्र बन गई है। हैरानी की बात यह है कि जिनकी जिम्मेदारी कानून की रक्षा करना है, वही वर्दीधारी रात के सन्नाटे में रेत के अवैध कारोबार को फलने-फूलने में मदद कर रहे हैं।

रात 12 बजते ही शुरू होता है पीली मिट्टी का खेल

स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, गोहपारू क्षेत्र के नदी मे ' करीब 5 घाट' पर हर रात 12 बजे के बाद एक अलग ही नजारा होता है। जब पूरी दुनिया सो रही होती है, तब पुलिस की मिलीभगत से करीब 20 से अधिक ट्रैक्टर नदी का सीना चीरकर अवैध रूप से बालू (रेत) निकालते हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस की गाड़ियाँ न केवल वहां खड़ी रहती हैं, बल्कि माफियाओं के लिए 'पायलटिंग' का काम भी करती हैं।

विरोध करने पर ग्रामीणों को ही दी जा रही है धमकी

इस अवैध कारोबार का असर अब गांव की शांति और पर्यावरण पर पड़ने लगा है। जब जागरूक ग्रामीणों ने इस ट्रैक्टरों के शोर और अवैध उत्खनन का विरोध करते है , तो उन्हें माफियाओं के बजाय पुलिस के गुस्से का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उन्हें ही झूठे मुकदमों में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी जाती है। 'हमने सोचा था कि पुलिस हमारी मदद करेगी, लेकिन यहाँ तो रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। जब ग्रामीण ट्रैक्टर रोकने का प्रयास करते हैं तो , तो पुलिस ने पुलिस ने ही डरा-धमका कर भगा जाता है ।

5 घाट बने माफियाओं का सुरक्षित ठिकाना

भुरसी नदी व अन्य 5 घाट अब अवैध रेत उत्खनन का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है। इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों का चलना बिना प्रशासनिक मिलीभगत के संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरा खेल एक सोची-समझी सेटिंग के तहत चल रहा है, जिसमें हर ट्रैक्टर के हिसाब से 'एंट्री फीस' वसूली जा रही है। ग्रामीणों का दबी दुबान जुबान मे यह सामने आया है कि एक गोहपारू थाना मे पदस्थ सिंगल स्टार का वर्दी धारी इस पूरे अवैध कारोबार में सम्मिलित है एवं रेत माफियाओं का भाग आजमा रहा है। रेत माफियाओ से सेवा शुल्क लेकर एंट्री दी जाती है ,एक रात 2500 महीना 25 हजार । चर्चा है कि सिंगल स्टाइल का वर्दी धारी गोहपारू थाना में कई सालों से पदस्थ है जिसका क्षेत्र में डंका बज रहा हैं। अवैध कारोबार उसके सेरक्षण में फलफूल रहे हैं। हालांकि संवेदनशील पुलिस अधीक्षक संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किए हैं कि सभी थाना क्षेत्र मे अवैध कारोबार में होने वाले पर ध्यान दें एवं कार्यवाही करें लेकिन गोहपारू थानाका चर्चित एएसआई पर कोई असर ही नहीं हो रहा हैं।

जमीन के सीमांकन के लिए 50 हजार की डिमांड

कलेक्टर और कमिश्नर से की गई शिकायत

नवभारत। गोहपारू । तहसील अंतर्गत राजस्व अधिकारी बेलगाम हो गए है, क्षेत्र में हर जगह भू -माफिया सक्रिय है । शासकीय भूमि से लेकर निजी भूमि तक सुरक्षित नहीं है। भू-माफिया किसी भी भूमि पर कब्जा कर लेते है और राजस्व के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ मूक दर्शक बने देख रहे है ।

कार्यालय में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ रहा है कि जमीन की नाप जोख के लिए 50 हजार तक की डिमांड की जाती है, ऐसी एक शिकायत कलेक्टर ओर कमिश्नर को हुई है । बुधवानवाह ग्राम की एक भूमि है जिसके विवाद निपटारा के लिए तहसीलदार दिव्य सिंह ने एक दल का गठन किया जिस दल को सीमांकन करना था जिससे विवाद समाप्त हो ,लेकिन सीमांकन दल के मुखिया ही विवाद में फसते नजर आ रहे ,दल मुखिया आर. आई वीरेंद्र पर 50,000 मांगने का आरोप सरपंच पति ने लगाया है जिसकी शिकायत कलेक्टर एवं कमिश्नर से की गई है ,ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि आर. आई ने तीन बार अलग अलग तारीख निर्धारित किया था लेकिन सीमांकन नहीं किया 20 जनवरी को जब मौके पर पहुंचे तो एक लेटर पर ग्रामीणों के दस्तखत तो करवाया गया लेकिन सीमांकन नहीं किया गया साथ ही यह भी आरोप लगे गए को शासन की सी.एम. हेल्पलाइन को भी अड़े हाथ लिया गया। संबंधित मामले में आरआई. वीरेंद्र से दूरभाष 9630567500 में संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका फोन नहीं उठा। संबंधित शिकायत मामले में प्रभारी तहसीलदार दिव्या सिंह को दूरभाष में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा उनको (शिकायतकर्ताओं) तहसील भेज दीजियेगा इस मामले में मै जांच कर लूंगी ।

मूकबधिर बच्चों ने आनंद उत्सव में लिया भाग

शहडोल। नगर पालिका परिषद शहडोल में आनंद उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी स्टेडियम में मुक बधिर बच्चों के साथ आनंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गया आनंद उत्सव कार्यक्रम में सुनने एवं बोलने में असमर्थ बच्चों ने कुर्सी दौड़ ,निंबू दौड़, जलेबी कूद एवं दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया इस कार्यक्रम में 19 बच्चे

मुकबधिर एवं 20 छात्र-छात्राएं एनसीसी के बच्चों ने प्रतियोगिता में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम में शहरी आजीविका मिशन के सिटी मैनेजर सत्यकाम मिश्रा, प्रतीक्षा शुक्ला, राम कुशल बैगा, मुकबधिर बच्चों के ट्रेनर एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्रामोदय से अभुदय अभियान अंतर्गत कार्यक्रम

नवभारत, गोहपारू । विकास खण्ड गोहपारू के सेक्टर क्रमांक 2 पैलवाह ,ग्राम पंचायत पैलवाह में मध्यप्रदेश जन अभियान अंतर्गत 'ग्रामोदय से अभुदय अभियान 'अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ परामर्श दाता मुकेश पाठक, सची तिवारी,नवांकुर संस्था के प्रमुख मुकेश केवट, ग्राम पंचायत उपसरपंच विकास सिंह,विकास सरकार द्विवेदी के मार्गदर्शन पर सामाजिक कार्यकर्ता धनजंय सिंह ,छात्र अजीत सिंह, प्रस्फुटन समिति के सदस्य और ग्रामीण जन उपस्थित थे। मुकेश पाठक द्वारा 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ' ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव, चौपाल, रैली व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वावलंबन, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं स्वस्थ-नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण किया जाएगा अभियान सम्बंधित जानकारी दी गई!

ग्राम पंचायत भदवाही में भी कार्यक्रम

नवभारत, गोहपारू । विकास खण्ड गोहपारू के सेक्टर क्रमांक 3 चुहिरी ,ग्राम पंचायत भदवाही में मध्यप्रदेश जन अभियान अंतर्गत 'ग्रामोदय से अभुदय अभियान 'अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ परामर्श दाता , सची तिवारी,नवांकुर संस्था के प्रमुख अशोक कुमार, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अर्जुन जैसवाल, सचिव रामसजीवन, ग्राम पंचायत सचिव,, महिला बाल विकास विभाग आगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता , शिक्षक रमेश द्विवेदी और ग्रामीण जन उपस्थित थे। सची तिवारी द्वारा 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ' ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव, चौपाल, रैली व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वावलंबन, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं स्वस्थ-नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण किया जाएगा अभियान सम्बंधित जानकारी दी गई।

हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

नवभारत, बुढ़ार। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय बुढार के मा. न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल द्वारा 20 जनवरी को सत्र प्रकरण क्रमांक 32/2022 शासन बनाम सुरेश यादव को धारा 302, भा.द.वि. के अधीन दोषी मानते हुये आजीवन कारावास एवं 5 हजार जुर्माना तथा धारा 201 भा.द.वि. में 3 वर्ष की सजा एवं 1 हजार जुर्माना से दण्डित का सजा सुनाया। थाना बुढार अंतर्गत ग्राम सोनवर्षा में आरोपी सुरेश यादव ने अपने अन्य साथियों के साथ पूरन यादव को चाकू एवं डण्डे से मारकर हत्या कारित व साक्ष्य का विलोपन किया और उक्त प्रकरण में घटना दिनांक से आरोपी सुरेश यादव फरार हो गया था जिसको पुलिस ने 7 वर्ष बाद गिरफ्तार कर उसका पूरक चालान प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण में अन्य अभियुक्त

अभिषेक उर्फ लाला एवं माता प्रसाद उर्फ गोलू को पूर्व में न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया था, वहीं अन्य अभियुक्त गुड्डू उर्फ हेमराज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया गया था। तदाशय की जानकारी अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने दी। अभियोजन की कहानी इस प्रकार रही कि 28 अक्टूबर 2015 को सोनवर्षा में फरियादी सूरज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता पूरनलाल को आरोपी गण ने चाकू से मारकर मोटरसाइकिल चालू कर भाग गये थे, पूरनलाल के अस्पताल में मृत्यु होने पर मर्ग कायम कर अन्य कार्यवाही कर आरोपीगणों के विरुद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था जिसकी विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी सतीश द्विवेदी ने की थी। न्यायालय में परीक्षण उपरांत साक्षीगणों के कथन एवं विवेचक सतीश द्विवेदी के कथन एवं चिकित्सक के साक्ष्य को विश्वसनीय मानते हुए एवं न्यायालयीन विज्ञान प्रयोगशाला सागर में चाकू एवं कपडे में पाया गया, रक्त एक ही है इससे यह सिद्ध होता है कि मृतक की उसी चाकू से हत्या की गई है जो जब्त की गई थी। अन्य साक्ष्यों के कथन को विश्वसनीय मानते हुए न्यायालय में उपस्थित आरोपी सुरेश यादव को धारा 302, 201 के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई। मामले में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक आलोक राय एवं अशोक सिसोदिया ने की।

सीवरेज कार्य बना शहडोलवासियों के लिए मुसीबत

एफसीआई के सामने बने गड्ढे को कूड़े कचरे से पटा जा रहा है, शहर गड्ढों में तब्दील, ठेकेदार की मनमानी, प्रशासन मौन

नवभारत, शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल में चल रहा सीवरेज लाइन का कार्य अब विकास नहीं बल्कि जनता के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। शहर की सड़कों को इस कार्य ने गड्ढों में तब्दील कर दिया है, वहीं ठेकेदार की भारी लापरवाही और प्रशासन की निष्क्रियता का खामियाजा आम नागरिकों को रोजाना भुगतना पड़ रहा है। सिंहपुर रोड स्थित एफसीआई गोदाम के सामने मुख्य मार्ग पर करीब दो माह पूर्व सीवरेज लाइन के लिए एक विशाल गड्ढा खोद दिया गया था, जिसे आज तक ठीक नहीं किया गया। हालात यह हैं कि गड्ढा भरने के नाम पर उसमें आसपास का कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है, जिससे न केवल सड़क धंसने का खतरा बना हुआ है बल्कि क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध भी फैल

रही है। स्थानीय लोगों द्वारा इसका विरोध किए जाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा कोई सुध नहीं ली गई। इसी तरह की लापरवाही के चलते सिंहपुर रोड स्थित देवन्ता हॉस्पिटल के सामने एक ट्रक सड़क में धंस गया, जिससे लंबे समय तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। गनीमत रही कि उस दौरान कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना सीवरेज कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। शहर के कई इलाकों में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। जगह-जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिनकी न तो समुचित भराई की गई और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए। नतीजतन आए दिन वाहन धंस रहे हैं, लोग गिरकर घायल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस पूरे कार्य की कोई प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। मजदूर अपने हिसाब से काम कर रहे हैं और ठेकेदार खुलेआम मनमानी कर रहा है। नगर प्रशासन और संबंधित विभाग मानो आंखें मूंदे बैठे हैं। आज स्थिति यह है कि शहडोल की गलियां और मुख्य सड़कें पूरी तरह खुदी पड़ी हैं। विकास के नाम पर शहर को गड्ढों का शहर बना दिया गया है, जहां आम नागरिक का सुरक्षित चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सीवरेज कार्य की तत्काल उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई हो तथा शहर की सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

शहडोल। शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय, शहडोल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम कल्याणपुर में 20 से 26 जनवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ 20 जनवरी को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मुकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. तिवारी ने छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डालते हुए सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एनएसएस को जीवन निर्माण की प्रभावी पाठशाला बताते हुए स्वयंसेविकाओं को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. आर.के. सोनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं आदर्शों से छात्राओं को अवगत कराते हुए एनएसएस के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मविकास का मार्ग प्रशस्त करने की सलाह दी।

योगाचार्य शिवाकान्त को उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

नवभारत, शहडोल। योग के क्षेत्र में निरंतर सेवा और समाज को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के लिए प्रसिद्ध योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला को एक विशेष समारोह में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें योग विज्ञान के प्रचार-प्रसार और हजारों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए दिया गया है। समारोह के दौरान देश के विभिन्न स्थानों से आए अतिथियों ने योगाचार्य शुक्ला के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति के लिए भी अनिवार्य है। शिवाकान्त शुक्ला ने न केवल प्राचीन योग पद्धतियों को पुनर्जीवित किया है, बल्कि आधुनिक परिवेश में इसके महत्व को सरल भाषा में जन-जन तक पहुँचाया है।

सम्मान पर योगाचार्य की प्रतिक्रिया

सम्मान प्राप्त करने के बाद

योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि उस प्राचीन भारतीय ऋषि परंपरा का है जिसने हमें योग जैसा अमूल्य उपहार दिया। मेरा संकल्प है कि मैं अंतिम व्यक्ति तक योग की शिक्षा पहुँचा सकूँ ताकि एक स्वस्थ और रोगमुक्त समाज का निर्माण हो सके।

योग के क्षेत्र में उपलब्धियां

योगाचार्य शुक्ला पिछले कई वर्षों से नि:शुल्क योग शिविरों, कार्यशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, योग प्रेमी और उनके शिष्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर लगा मेला

नवभारत, गोहपारू । क्षेत्र के अंतर गत ग्राम पंचायत देवरी नंबर 2 मे, अयोध्या में श्री राम लला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्ष गांठ की खुशी में ग्राम पंचायत देवरी नं 2 विकास खंड गोहपारू में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच गुड्डी बाई बैगा के मार्गदर्शन मे उप सरपंच तेज प्रसाद यादव बाबूलाल सोनी. चन्द्रिका प्रसाद केवट अमायण के मुख्य वक्ता प्रमोद पनिका और ग्राम वासियों एवं अन्य आस पास गांव के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला , उक्त आयोजन में मुकेश कुमार केवट एवं प्रदीप साहू का तन मन धन से नन्द कुमार पनिका ग्राम पैलवाह के और महा प्रसाद का भी आयोजन के साथ सहयोग रहा

हनुमान चालीसा पाठ भी किया

विकास सरकार द्विवेदी गोहपारू नव भारत संवाददाता ने बताया कि पिछले वर्ष भी मेले का आयोजन गांधी चौराहा में किया गया था ,साथ ही चौराहे में स्थित हनुमान जी लला की प्रतिमा के समक्ष हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया, उक्त आयोजन से लोगों में भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया है ।

बैठक | क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण, ली बैठक , चिकित्सक, मरीजों से संवेदनशीलता के साथ करें व्यवहार

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को दिलाएं लाभ : डॉ. एसबी अवधिया

नवभारत, शहडोल। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग डॉ. एस.बी. अवधिया ने जिले के सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. एस.बी. अवधिया निरीक्षण के दौरान उपस्थित चिकित्सकीय अमले को निर्देश दिए कि अस्पतालो में आने वाले मरीजो के साथ संवदेनशीलता के साथ व्यवहार करते हुए उनका समुचित उपचार करें एवं स्वास्थ्य केंद्रो में आने वाले मरीजो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं जिला चिकित्सालय शहडोल के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में साफ-सफाई एवं स्वच्छता रखने, प्रसव कक्ष में शासन के प्रोटोकाल के अनुसार सभी आवश्यक दवायें एवं उपकरण तैयार रखें तथा

गर्भवती माताओं के पहुंचने पर तत्काल उन्हें स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करें एवं गर्भवती माताओं को पोषण आहार व गुड़ के लडडू आदि प्रदाय किये जाएं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. एस.बी. अवधिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आई.पी.पी. 6 सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो की बैठक में निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को दिलाना सुनिश्चित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ से वंचित न रहें एवं योजनाओ का समुचित प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में लंबित प्रकरणों का संस्था प्रमुख स्वयं निरीक्षण करें, कोई भी प्रकरण अनअटेंडेंट न रहे। क्षेत्रीय संचालक ने निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनायें जाये। 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनायें जाये। उन्होने राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यकम की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार भारत को टीबी मुक्त बनाना है इसके लिए सभी समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक नि:क्षय मित्र बनाकर मरीजों को फूड-बॉस्केट भी दें तथा शासन द्वारा प्रदाय पोषण राशि समय पर प्रदान करे। क्षेत्रीय संचालक ने अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शासन के मंशानुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाये। एनआरसी वार्ड में पूरे बेड भरे हो तथा डिस्चार्ज बच्चों का फालोअप भी किया जाये। सिकल सेल एनीमिया रोकथाम हेतु लोगो को जागरूक करें। बैठक में संयुक्त संचालक डॉ. जीएस परिहार, उप संचालक डॉ. रत्नेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफसहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।